00716

# शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2017

## ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम भारिता : 70%*

***निर्देश :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii)* ***सभी प्रश्नों की भारिता समान है।***

1. नीचे दिए प्रश्न का उत्तर कम से कम 600 शब्दों में दीजिए :
विद्यालयीय पाठ्यक्रम में वर्तमान में हिन्दी भाषा का क्या स्थान है? हिन्दी पढ़ाते समय शिक्षक के समक्ष कौनसे उद्देश्य होने चाहिए?

**अथवा**

भाषा शिक्षण में शुद्ध उच्चारण शिक्षण का क्या महत्त्व है? छात्रों के हिन्दी लेखन में वर्तनी की अशुद्धियों के कारण तथा उनके निवारण के उपाय बताइए।

2. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :
काव्य के प्रमुख सौन्दर्य तत्त्वों का परिचय दीजिए। छात्रों में काव्यात्मक रुचि बढ़ाने के लिए हिन्दी शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे?

**अथवा**

मूल्याँकन से आप क्या समझते हैं? यह विद्यालय में समय-समय पर होने वाली परीक्षा से किस प्रकार भिन्न है? मूल्याँकन की आवश्यकता बताइए।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर कम से कम **120** शब्दों में लिखिए :

(a) भाषा के प्रकार्यों का वर्णन कीजिए।

(b) हिन्दी भाषा के शब्द भण्डार का विवेचन किस आधार पर किया जाता है?

(c) शिशु बिना व्याकरण पढ़े भाषा सीख जाता है ऐसे में व्याकरण शिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालिये।

(d) परीक्षणेतर मूल्याँकन युक्तियों की आवश्यकता बताकर किन्हीं तीन युक्तियों का परिचय दीजिए।

(e) कविता शिक्षण के प्रयोजन लिखिए।

(f) हिन्दी शिक्षण को रुचिपूर्ण बनाने में दृश्य-श्रव्य साधनों के प्रयोग पर टिप्पणी लिखिए।

(g) हिन्दी लेखन में विराम चिन्हों की आवश्यकता बताइए।

4. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर कम से कम **600** शब्दों में दीजिए : हिन्दी भाषा में मौखिक अभिव्यक्ति के उपायों का उल्लेख कर आपके द्वारा विद्यालय में अपनाए गए किसी उपाय का विवरण प्रस्तुत कीजिए।